NBT
नवभारत टाइम्स

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 23 जनवरी 2021 www.delhi.nbt.in

स्कूलों में बढ़ी स्टूडेंट्स की संख्या, अब बोर्ड एग्जाम पर सारा फोकस

दिल्ली में 10वीं और 12वीं के लिए 90% से ज्यादा स्कूल खुले

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली में 10वीं और 12वीं क्लासेज के स्टूडेंट्स के लिए स्कूल खुल गए हैं। अब धीरे-धीरे स्कूल जाने वाले स्टूडेंट्स का नंबर बढ़ा है। सारे सरकारी स्कूल खुल गए हैं। प्राइवेट स्कूल भी 90 फीसदी से ज्यादा खुल गए हैं। प्राइवेट स्कूलों की संस्था की ओर से सरकार को फीडबैक भी दिया जा रहा है। अभी बोर्ड क्लासेज पर ही फोकस है और बाकी क्लासेज के स्टूडेंट्स को स्कूल बुलाने के बारे में अभी फैसला नहीं लिया गया है।

स्प्रिंगडेल्स स्कूल पूसा रोड की प्रिंसिपल डॉ. अमिता एम. वॉटल का कहना है कि 10वीं व 12वीं दोनों क्लासेज के 65 फीसदी बच्चों के पैरंट्स ने अपनी सहमति दे दी है। अब जल्द ही उन बच्चों को स्कूल में बुलाया जाएगा। अभी ऑनलाइन प्री बोर्ड खत्म हुए हैं। डॉ. वॉटल का कहना है कि वे अपने स्कूल की सभी टीचर्स का कोविड टेस्ट करवाएंगी। इसके लिए सरकार की

मदद भी मिलेगी। जनवरी के आखिर या फरवरी की शुरुआत मे बोर्ड स्टूडेंट्स को बुलाया जाएगा। वहीं, प्राइवेट स्कूलों की एक्शन कमिटी के जनरल सेक्रेटरी भरत अरोड़ा का कहना है कि अब 95 फीसदी प्राइवेट स्कूल खुल गए हैं और बाकी बचे स्कूल भी अगले दस दिनों में खुल जाएंगे। बच्चों की हाजिरी भी बढ़ी है। रोहिणी के वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल में भी 10वीं और 12वीं के 60 फीसदी से ज्यादा स्टूडेंट्स आने लगे हैं। स्कूल के चेयरमैन एस. के. गुप्ता का कहना है कि पैरंट्स का विश्वास अब बढ़ा है और वे खुद देख रहे हैं कि स्कूल अपनी तरफ से सुरक्षा के सभी जरूरी उपाय कर रहे हैं। मैनेजर प्रमिला गुप्ता का कहना है कि थर्मल स्क्रीनिंग से लेकर सैनिटाइजेशन तक हर नियम का सख्ती से पालन किया जा रहा है। पीतमपुरा के वसुधा एनक्लेव स्थित एम.एम. पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि शुरुआत में 40 से 50 फीसदी स्टूडेंट्स आ रहे थे और अब यह संख्या बढ़कर 60 से ज्यादा हो गई है।